## खबर संक्षेप

### मेमू ट्रेन निरस्तीकरण रद्द, होंगी संचालित

**ललितपुर।** झांसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म तीन पर पुराने वॉशेवल एप्रन को तोड़कर नए एप्रन के निर्माण के चलते झांसी से ललितपुर और बीना के मध्य मेमू ट्रेनों का संचालन निरस्त कर दिया गया था, लेकिन अब यात्रियों की परेशानी को देखते हुए इन मेमू ट्रेनों का संचालन फिर से नियमित कर दिया गया है। 64616 झांसी-ललितपुर मेमू और ललितपुर से झांसी के मध्य चलने वाली 64615 मेमू अब 25 नवंबर से आठ जनवरी तक निरस्त नहीं रहेंगी बल्कि नियमित रूप से चलेंगी। इसी प्रकार ललितपुर से बीना के मध्य 64618 ललितपुर-बीना मेमू ट्रेन और 64617 बीना-ललितपुर मेमू ट्रेन भी पूर्व की तरह संचालित होगी। रेलवे झांसी के पीआरओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि यात्रियों की परेशानी और लगातार ट्रेनों की मांग को देखते हुए रेलवे ने यह निर्णय लिया है।

### धोखे से दूसरे के खाते में पहुंची रकम हुई वापस

**ललितपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने आवेदक तालाबपुरा निवासी संतोष साहू पुत्र हरिशंकर साहू ने गलती से 50 हजार रुपये की धनराशि दूसरे व्यक्ति के खाते में भेज दिए थे, जिसके सम्बन्ध में एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से कोतवाली ललितपुर पर शिकायत प्राप्त हुई थी। कोतवाली की साइबर हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट व अन्य प्रपत्रों के आधार पर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये सम्बंधित बैंक व खाता धारक से सम्पर्क कर पीड़ित के सम्पूर्ण धनराशि को नियमानुसार वापस कराया गया। पीड़ित का सम्पूर्ण धनराशि उसके खाते में वापस होने पर, पीड़ित द्वारा पुलिस अधीक्षक व कोतवाली पुलिस टीम का आभार जताया। रुपये बरामद करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी व आरक्षी लोकेन्द्र सिंह शामिल रहे।

### बाइक चालक ने सब्जी विक्रेता को मारी टक्कर

**ललितपुर।** जुगपुरा डाकघर के पास रहने वाली निशा राज पत्नी भूपेन्द्र अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका पति सब्जी का ठेला लगाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। बीती 21 नवम्बर को वह रात करीब 8 बजे पति भूपेन्द्र अहिरवार के साथ सब्जी का ठेला लेकर वापस घर आ रही थी। तभी अचानक एक अपाचे मोटर साइकिल सं. यू.पी.94 ए.ई. 7181 के चलाक हरनाम सिंह ने तेजी व लापरवाही से बाइक चलाते हुये मोड पर जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पति का दाहिना पैर टूट गया। मौके पर मौजूद लोगों ने इस घटना को देखा और उसके पति को जिला अस्पताल ले गये, जहां पति का ऑपरेशन बताया। इस घटना के बाद से पति की स्थिति गंभीर बनी हुयी है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 व 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पनारी में विश्व विरासत सप्ताह का हुआ समापन

**ललितपुर।** विश्व विरासीसत सप्ताह अंतिम दिन क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई झांसी, इंटेक ललितपुर चैप्टर, बुन्देलखण्ड हेरिटेज सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय कॉलेज में राज्य मंत्री मनोहर लाल, पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण ने समापन किया। राज्यमंत्री ने कहा कि सारे विश्व में हमारे देश में सर्वाधिक धरोहर एवं पर्यटन स्थल मौजूद है। जिनके संरक्षण एवं विकसित किये जाने की नितांत आवश्यकता है, जिससे विदेशी पर्यटक अधिक से अधिक संख्या में हमारे देश आ सकें और देश का पर्यटन उद्योग और अधिक विकसित हो सकें। पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि हमारे जनपद में प्रदेश के सबसे अधिक धरोहर मौजूद है, जो सारे विश्व के सेलानियो को आकर्षित करने की क्षमता रखती है। अध्यक्षता करते हुए संयोजक संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि हम विरासत सप्ताह में अपनी अमूल्य विरासत और पर्यटन को संजोने एवं विकसित करने का संकल्प लें।

### 12 नवंबर की घटना, तेरह दिन बाद दर्ज कराई जा रही रिपोर्ट

# अधिकारियों के लैपटॉप, टेबलेट और सरकारी फाइलें लेकर ड्राइवर फरार

## महरौनी, मड़ावरा, बिरधा बीडीओ का सामान व दस्तावेज गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

गिन्नौट बाग में बारह नवम्बर को आयोजित सामुहिक आदर्श विवाह समारोह में आधिकारिक रूप से शामिल होने के लिए आये खण्ड विकास अधिकारियों के कीमती सामान, लैपटॉप, टेबलेट



और कार्यालय की महत्वपूर्ण फाइलों को लेकर कार चालक फरार हो गया। अधिकारियों की संवेदनहीनता का जीवन्त उदाहरण यह भी देखा गया कि इतनी बड़ी घटना के बावजूद भी फरार हुये ड्राईवर के भाई के कहने पर अभी तक मामले को दबाए रखा गया। जब मामला खुला तो भाड़े पर लगी कार के पंजीकृत स्वामी से ड्राईवर पर एफआईआर दर्ज कराई है।

मिर्चवारा में रहने वाले रामकुमार पुत्र करन सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह बुलैरो गाड़ी संख्या यू.पी. 94 ए.टी. 3828 का पंजीकृत स्वामी है। यह गाड़ी उसने विकास खण्ड बिरधा कार्यालय में लगायी थी। बुलैरो को चलाने की जिम्मेवारी ग्राम जिजयावन राधेश्याम पुत्र स्व.फूलसिंह को सौंपी गयी थी। खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि वह बीती 12 नवम्बर 2025 को मुख्यालय स्थित गिन्नौट बाग में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए बुलैरो से, जिसे राधेश्याम चला रहा था के साथ गये हुये थे। यहां आरोप है कि अपराह्न करीब 2 बजे राधेश्याम वाहन में रखे हुये कीमती सामान व कार्यालय की महत्वपूर्ण पत्रावली का बैग लेकर फरार हो गया और फोन भी बंद कर लिया। काफी इंतजार करने के बाद विकास खण्ड बिरधा में तैनात कम्प्यूटर ऑपरेटर सुनील कुमार ने बताया कि राधेश्याम 1.30 बजे से 2 बजे के बीच अचानक सामूहिक विवाह स्थल गिन्नौट से ही गाड़ी की चाबी पकड़ाकर यह कहते हुये चला गया कि अभी वापस आ जाऊंगा।

### इन अधिकारियों का यह सामान गया चोरी

बीडीओ बिरधा द्वारा बताया गया कि उनका एप्पल कम्पनी का लैपटॉप कीमत 35 हजार रुपये, ऑफिस के सरकारी दस्तावेज ले गया। बीडीओ मड़ावरा के एच.पी. का लैपटॉप, साथ में ऑफिस के कुछ फाइलें सभी गायब हैं। बीडीओ महरौनी का टेबलेट 40 हजार रुपये का लेकर फरार है। खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि सामूहिक विवाह स्थल पर भीड़-भाड़ के कारण अन्य अधिकारी जिसमें खण्ड विकास अधिकारी मड़ावरा, खण्ड विकास अधिकारी महरौनी के भी कीमती सामान लेकर फरार हैं।

### पुलिस को सूचना देने के बजाय परिजनों, रिश्तेदारों को खोजा

उनके द्वारा सूचना मिलते ही ड्राईवर राधेश्याम की खोजबीन किया गया, उसके घर वालों व रिश्तेदारों और सगे भाई राजा भैया से भी कहा। लेकिन राधेश्याम का फोन बंद आने से किसी दुर्घटना की संभावना लगातार बनी रही। तीन दिन बाद जब राधेश्याम के बड़े भाई राजा भैया ने बताया कि उसकी बात हो गयी है, वह जल्द आ जायेंगे, तब तक एफआईआर न करायें। रामकुमार ने आरोप लगाया कि राधेश्याम ड्राईवर था और उसके बड़े भाई राजा भैया ने अपने साले ग्राम मड़वारी निवासी चन्द्रपाल पुत्र शेर सिंह यादव के माध्यम से सारा सामान लेकर गायब कराया। यह भी बताया कि चन्द्रपाल का मोबाइल भी बंद जा रहा है।

### *उलाहना देने गई वृद्ध मां को गालियां देकर धमकाने का आरोप*

*ललितपुर। थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम मोतीखेरा निवासी राजू यादव पुत्र जगत सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि कस्बा के मेला ग्राउण्ड चौराहा पर शिवानी मोबाइल नाम से दुकान है। प्रतिदिन की भांति वह सुबह 9.30 बजे अपनी दुकान पर पहुंच जाता हूं। 23 नवम्बर को भी अपनी दुकान पर था। सुबह 11 बजे उसकी पत्नी ने फोन करके बताया कि पड़ौस के भगवान सिंह पुत्र छंदीराम यादव, अवतार पुत्र छंदीराम यादव निक्की पुत्र भगवान सिंह बिना कारण उसकी मां मेंदा, पत्नी रजनी व भाभी शिवकुंवर पत्नी राजेन्द्र के साथ उलाहना देने पर गालियां दीं। माता ने जब मना किया तो थाने में दर्ज करायी गयी शिकायत को लेकर धमकाने लगे और मारने का प्रयास किया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।*

### *नाबालिग पुत्री को बहला-फुसला कर भगा ले जाने का आरोप*

*ललितपुर। थाना बार के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीते सोमवार को सुबह करीब 11 बजे उसकी 16 वर्षीय पुत्री को ग्राम रजवारा निवासी महेन्द्र पुत्र राकेश कुशवाहा बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। काफी खोजबीन करने के बाद भी वह नहीं मिले। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर महेन्द्र कुशवाहा के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) व 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।*

### दो महकमों की संयुक्त कार्रवाई

# पिंजरों में कैद तोतों का किया रेस्क्यू



**ललितपुर।** झांसी के बबीना में भारतीय जैव-विविधता संरक्षण सोसायटी (आईबीसीएस) और वन विभाग की संयुक्त टीम ने एक महत्वपूर्ण रेस्क्यू अभियान चलाकर उन तोतों को मुक्त कराया, जिन्हें स्थानीय लोगों द्वारा पालतू रूप में पिंजरों में रखा गया था। सूचना प्राप्त होते ही टीम तत्काल पहुँची और सभी पक्षियों को सुरक्षित निकालकर वन विभाग की कस्टडी में ले लिया। रेस्क्यू किए गए पक्षियों में रोज़-रिंग्ड पैराकीट ० पल्म हेडेड पाराकीट प्रजातियाँ शामिल थीं। लोग इन्हें सुंदर रंग, चहक और आवाज़ की नकल करने की क्षमता के कारण पालतू बनाते हैं जो की पूरी तरह अवैध है। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत कानूनी प्रावधान भारत में सभी देशी तोते सूचीबद्ध हैं। किसी भी देशी पैराकीट को पकडऩा, रखना, पालतू बनाना, खरीदना-बेचना या परिवहन करना कानूनन अपराध है। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अनुसार दोषी पाए जाने पर 3 साल तक की कैद, या 25 हजार रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। बार-बार अपराध करने पर सज़ा और भी कठोर हो सकती है। रेस्क्यू किए गए तोतों का स्वास्थ्य अवलोकन टीम के विशेषज्ञों ने कर के उनको प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया ० कुछ को निगरानी में रखा गया है। आईबीसीएस और वन विभाग ने जनता से अपील की है कि किसी भी वन्य जीव को पिंजरे में न रखें, यदि कहीं भी इस प्रकार की अवैध कैद या पालतू रखना दिखाई दे तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें। वन्यजीवों की स्वतंत्रता और उनके प्राकृतिक व्यवहार का सम्मान करें। बबीना में किया गया यह संयुक्त रेस्क्यू अभियान वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश देता है और स्थानीय स्तर पर व्यापक सराहना प्राप्त कर रहा है। इस अभियान में आईबीसीएस से डा.सोनिका कुशवाहा, धर्मेंद्र सिंह (जिला समन्वयक, आईबीसीएस-झाँसी ), हरेंद्र ० वन विभाग से कौशलेंद्र सिंह तोमर फॉरेस्टर, आकाश फॉरेस्ट गार्ड, रामदयाल फॉरेस्ट गार्ड, शेरसिंह न्यूनतम वेतन कर्मी उपस्थित रहे।

# डोंगराखुर्द फीडर में सप्ताहभर से बिजली गायब, बर्बाद होने की कगार पर फसल

## डीएम ने दिए विद्युत आपूर्ति सुचारू करने के लिए निर्देश

**ललितपुर।** विकासखंड महरौनी के अंतर्गत ग्राम पंचायत डोगरा खुर्द से जुड़े सौजना विद्युत फीडर में पिछले एक सप्ताह से लगातार बिजली आपूर्ति बंद है, जिससे क्षेत्र के किसानों की रबी फसलें सूखने के कगार पर पहुंच गई हैं। खेतों में सिंचाई न होने से गेहूं, चना, मसूर और सरसों की फसलें भारी नुकसान झेल रही हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि बिजली कटौती के पीछे लाइनमैन की मनमानी जिम्मेदार है। ग्रामीणों के अनुसार एक व्यक्ति जो स्वयं को लाइनमैन बताता है, बिजली आपूर्ति को जानबूझकर नियंत्रित करता है और अपने चहेते लोगों को ही प्राथमिकता देता है। आरोप है कि वह पूरे दिन में सिर्फ 10 से 30 मिनट के लिए ही बिजली बहाल करता है, जबकि कई बार बिजली बिल्कुल भी नहीं मिलती। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि उक्त कथित लाइनमैन किसानों से अवैध वसूली करता है और पैसे लेने पर ही लाइन बहाल करने की बात कहता है।



स्थानीय किसानों में कडोरे, सामन सूरज, उजबक सिंह, दीवान हिमांशू राजा तथा ग्राम डोगरा खुर्द के सैकड़ों ग्रामीणों ने बताया कि बार-बार शिकायतों के बाद भी विभाग ने कोई संज्ञान नहीं लिया। ग्रामीणों का कहना है कि सौजना फीडर पर रोस्टर के अनुसार सप्लाई देने की जगह मनमानी बिजली कटौती की जा रही है, जिससे सिंचाई पूरी तरह ठप है। बिजली न मिलने की वजह से क्षेत्र में फसल बर्बादी का खतरा बढ़ता जा रहा है।

# गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंसा उन्मूलन दिवस पर संगोष्ठी का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नैक द्वारा मूल्यांकित संस्थान पहलवान गुरुदीन स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय पनारी ललितपुर में गुरु तेग बहादुर को उनके 350वें शहीदी दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंसा उन्मूलन दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की डायरेक्टर डॉक्टर पूजा यादव, प्राचार्य डॉ सूफिया, एनसीसी कैप्टन डॉक्टर वंदना याज्ञिक एवं महाविद्यालय में उपस्थित समस्त शिक्षिकाओं के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती जी एवं गुरु तेग बहादुर जी के स्मृति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं फूल माल्यार्पण कर किया गया। महाविद्यालय की डायरेक्टर डॉक्टर पूजा यादव ने छात्राओं को बताया कि गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान दिवस सिख समुदाय ही नहीं बल्कि पूरे भारत में बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जाता है। यह दिन गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान और शिक्षाओं को याद करने का है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सूफिया ने छात्राओं को बताया कि यह महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन लैंगिक आधारित हिंसा के विरुद्ध 16 दिवसीय सक्रियता अभियान की शुरुआत भी करता है। इस अभियान का उद्देश्य दुनिया भर में महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने के लिए व्यक्तियों और संगठनों को एकजुट करना है। 1981 से ही महिला अधिकार कार्यकर्ता इस दिन को लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ एक दिन के रूप में मना रहे थे, और 1999 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इसे आधिकारिक तौर पर नामित किया।महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने के लिए जागरूकता बढ़ाना और कार्रवाई को प्रोत्साहित करना। एनसीसी कैप्टन डॉक्टर वंदना याज्ञिक ने छात्राओं को बताया कि यह दिवस समानता, विकास और शांति प्राप्त करने में एक बाधा के रूप में देखी जाने वाली हिंसा को समाप्त करने के लिए वैश्विक प्रयासों का प्रतीक है।इस कार्यक्रम में एनसीसी, एनएसएस, रोवर्स रेंजर्स, उन्नत भारत के वोलेंटियर्स एवं महाविद्यालय में अध्यनरत समस्त छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चार खिलाड़ियों ने पदक जीते, ललितपुर जनपद का नाम किया रोशन



ललितपुर। गोवा में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय करांटे टूर्नामिंट 2025 में ललितपुर जिले का खिलाड़ियों ने मान बढ़ाया है। ललितपुर जिले के चार खिलाड़ियों ने पदक जीतकर ललितपुर का नाम अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा किया है। खिलाड़ियों में मयंक चन्देल ने स्वर्ण पदक, प्रजोत साहू ने स्वर्ण पदक, अनुज साहू ने सिल्वर पदक व मिशिता कुशवाहा ने शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक को जीता। नितिन सिंह चंदेल (ललितपुर उ.प्र.)गोरखा कराटे एसोसिएशन ऑफ मिक्स मार्शल आर्ट एकेडमी के खिलाड़ीयों ने 4 पदक जीते है। जिले का नाम रोशन करने पर चारों खिलाड़ियों के प्रति हर्ष जताया गया है।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने किया श्रीराम बारात का स्वागत



ललितपुर। नगर में निकली श्रीराम बारात का नपाध्यक्ष सोनाली जैन के नेतृत्व में घंटाघर पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। वहीं बारात में चल रहे सभी श्रद्धालुओं को फल वितरण व जलपान कराया गया। इस दौरान नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि आज का दिन बहुत शुभ है। आज भगवान श्रीराम व माता सीता विवाह पंचमी का दिन है। नगर पालिका द्वारा श्रीराम बारात में शामिल समस्त श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए फल वितरण व जलपान की व्यवस्था की गई है व सभी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया है। रथ पर सवार श्रीराम व लक्ष्मण के स्वरूप को फूल माला पहनाकर आशीर्वाद लिया गया। इस दौरान मुन्नालाल जैन, विवेक जैन, कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन, लिपिक अभिषेक चौबे, लिपिक दीपेंद्र कुमार, लिपिक सुधीर रावत, अमित रैकवार, हितेंद्र रैकवार, सहित पालिका के अन्य कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

# बुंदेलखंड एकीकरण समिति ने सर्दियों में सहारिया आदिवासियों को बांटे गर्म कपड़े



**मड़ावरा।** तहसील के आखरी क्षेत्रों में ठंड से राहत देने के लिये सहारिया आदिवासियों के बीच गर्म कपड़े वितरण कर मदद की गई। जरूरतमन्दों की मदद ही सर्वोपरी समाज सेवा है। समय समय पर जरूरमन्दों की खाद्य सामग्री गर्म कपड़े सर्दीयो में कम्बल गर्म कपड़े दवाइयों टॉनिक आदि वितरण कर जरूरमन्दों की मदद की जाती है। इसी को लेकर सोमवार को तहसील मड़ावरा के सहरिया आदिवासियों के बीच जाकर लोगों बच्चों को कपड़े वितरण किये गये। मड़ावरा की तहसील के सहारिया आदिवासी क्षेत्र गाँव गिरार बढ़वार जेतुपुरा दनशा तपरियन आदि गाँव मे बुंदेलखंड एकीकरण समिति द्वारा गरीब असहाय आदिवासियों को कपड़े वितरित किए गये।ब्लाक इकाई टीम के अध्यक्ष सीताराम परिहार धवा एवं प्रभारी राकेश कुमार तिवारी की मौजूदगी में वितरण कार्यक्रम चलाया गया। वितरण के दौरान बताया गया कि एकीकरण समिति हमेशा जरूरमन्दों की मदद को ततपर है।

# बिल्ला में नेटवर्क नहीं आने से ग्रामीण परेशान, ब्लॉक बार में से जिओ नदारद

## आपातकालीन सेवा, एंबुलेंस, पुलिस से नहीं हो पाता संपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बार

ग्रामीण क्षेत्रों में जियो के नेटवर्क खराब होने से सरकारी कार्यों में जहां व्यवधान आ रहा है, वहीं उपभोक्ता भी परेशान हैं। कारण साफ है कि वर्तमान में सरकार ने किसी सुविधा एवं प्रमाणपत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन अनिवार्य कर दिया है। चाहे वह जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र हो या आय व जाति प्रमाणपत्र। यहां तक कि राशन कार्ड, खतौनी व विरासत आदि के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होता है। इसके लिए ग्रामीण इलाकों में पंचायत भवन में सामुदायिक सुविधा केंद्र खोले गए हैं। लेकिन, नेटवर्क न आने के कारण ग्रामीणों को ऑनलाइन आवेदन करने में काफी असुविधा हो रही है। तहसील महरौनी अंतर्गत ग्राम पंचायत बिल्ला में जियो के नेटवर्क न आने के कारण लोग परेशानी का सामना कर रहे हैं।

इससे उन विद्यार्थियों को भी नेटवर्क न आने से परेशानी हो रही है, जिनकी ऑनलाइन कक्षाएं चलती है। उपभोक्ता सैकड़ों रुपये का रिचार्ज करने के बाद भी नेटवर्क न मिलने से अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं।जियो कंपनी का टावर स्थापित होने के बावजूद, उसकी रेंज हाल के दिनों में काफी कमजोर हो गई है। इसके कारण मोबाइल इंटरनेट और कॉलिंग में लगातार समस्याएँ आ रही हैं। ग्रामीणों को फोन पर बातचीत करने में कठिनाई हो रही है। युवा वर्ग को रोजगार संबंधी जानकारी प्राप्त करने में भी दिक्कतें आ रही हैं। जनसेवा केंद्रों पर पैसे का लेनदेन करने वाले और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन का उपयोग करने वाले लोग भी प्रभावित हो रहे हैं। आपात स्थिति में फोन न लगने से लोगों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### इनका कहना

इस संबंध में ऑनलाइन कस्टमर केयर पर शिकायतें दर्ज कराई हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र का ऑनलाइन आवेदन नहीं कर पा रहे हैं
**दिवस कुमार रावत,** स्थानीय निवासी

हम लोग बड़ी मुश्किल से मोबाइल का रिचार्ज करवा पाते हैं लेकिन नेटवर्क नहीं आने से पैसा बेकार चला जाता है गांव के युवा वर्ग को रोजगार संबंधी जानकारी नहीं मिल पा रही है
**पुष्पेंद्र सिंह राजपूत,** स्थानीय निवासी

ग्रामीणों को फोन पर बात करने में कठिनाइयां हो रही है ऑनलाइन लेनदेन में भी दिक्कत आ रही है
**जमुना प्रसाद विश्वकर्मा,** स्थानीय निवासी

यह समस्या लगभग चार महीने से चल रही है आपातकालीन स्थिति में अगर हम लोगों को एंबुलेंस या पुलिस को फोन लगाना पड़ता है तो नहीं लगा पाते हैं
**शिशुपाल सिंह राजपूत,** स्थानीय निवासी

### जिलाधिकारी ने आवास पर बुलाकर तीनों बीएलओ को किया सम्मानित

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण -2026 के अंतर्गत तीन और बीएलओ ने हासिल कर ली शत-प्रतिशत उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सत्य प्रकाश के कुशल नेतृत्व में *विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के 3 और बीएलओ ने समयावधि से पूर्व ईएफ डिजिटाईजेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया है, इस प्रकार अब तक कुल 5 बीएलओ ने यह कीर्तिमान स्थापिक किया है।

बताया गया कि 226 विधानसभा ललितपुर के भाग संख्या 333 प्रा. वि. गैदोरा के बीएलओ राघवेंद्र नरवरिया, भाग संख्या 362 अंग्रेजी माध्यम प्रा. वि. बैरवारा के बीएलओ जितेंद्र कुमार और 227 महरौनी विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या-193 उच्च प्राथमिक विद्यालय गदनपुर के बीएलओ हरिश्चंद्र ने आज ईएफ डिजीटाईजेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया है, इन



तीनों बीएलओ को जिलाधिकारी ने अपने आवास पर बुलाकर प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया और अन्य कार्मिकों को प्रोत्साहित करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि एसआईआर के अंतर्गत बीएलओ अच्छा कार्य कर रहे हैं। आज शाम तक जनपद में 30.64 प्रतिशत प्रगति कर ली है।

कर्मचारी अवकाश के दिन भी कार्य कर रहे हैं और देर रात्रि में भी कार्य में लगे रहते हैं। जिलाधिकारी ने आमजन से अपील की कि एसआईआर के प्रथम चरण की अंतिम तिथि 4 दिसम्बर है, बीएलओ के द्वारा सभी के घरों में गणना फार्म पहुंचाये जा रहे हैं, सभी लोग जल्द से जल्द अपना अपना फार्म भरकर बीएलओ के पास जमा करा दें, यदि फार्म भरने में कोई कठिनाई आ रही है तो इसके लिए पंचायत स्तर के कर्मचारी जैसे पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, लेखपाल, बीएलओ आदि की सहायता ले सकते हैं, ये कर्मचारी आपका फार्म स्वयं भरकर आपसे वैरिफाई कराने के उपरान्त हस्ताक्षर करायेंगें और जमा कर लेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रांति पर विश्वास न करें, किसी भी वैद्य मतदाता का नाम नहीं कटेगा। जिलाधिकारी ने एसआईआर के सम्बंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराया गया गणना फार्म ऑफलाइन के साथ-साथ भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन भी भरा जा सकता है। निर्वाचक पर विगत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली मे अपना और संबंधित रिश्तेदारों का नाम देख सकते हैं और गणना प्रपत्र से विवरण उपलब्ध करा सकते हैं।

सहायता के लिए, निर्वाचक संबंधित बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उन निर्वाचकों को नोटिस जारी करेगा जिनका गणना-प्रपत्र में दिया गया विगत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली का विवरण या तो उपलब्ध नहीं है या डेटाबेस से मेल नहीं खाता है।

### विभिन्न सौगातों की उम्मीद, भूमि पूजन और उद्घाटन की लगेगी झड़ी

# आज किसानों के खातों में फसल मुआवजा राशि डालने आएंगे सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विगत दिनों बारिश से खराब हुई फसलों का मुआवजा किसानों को वितरण करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव गुरुवार को श्योपुर जिले के दौरे पर आ रहे हैं। जहां वह बड़ौदा में किसान जनसभा को संबोधित करेंगे और प्रभावित किसानों के खातों में फसल क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि डालेंगे। सीएम डॉ मोहन यादव श्योपुर जिले के किसानों के साथ ही हरदा, विदिशा, नर्मदापुरम, धार, खंडवा जिलों की 23 तहसीलों के 2 हजार 148 ग्रामों के किसानों को अतिवृष्टि, बाढ तथा पीला मौजेक कीट व्याधी से हुई फसल क्षति का मुआवजा की राशि भी जारी करेंगे। बडौदा में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए सीएम कई सौगातों की घोषणा भी कर सकते हैं जिसकी तैयारी प्रशासन के साथ-साथ भाजपा संगठन और नगर परिषद बडौदा द्वारा कर ली गई है।

विगत 26 अक्टूबर की रात और 27 अक्टूबर को दिनभर हुई बारिश से क्षेत्र में धान की फसल पर विपरीत प्रभाव पड़ा। इस बारिश ने खेतों में कटी पड़ी धान की फसल को पानी में डुबोकर नष्ट कर दिया। पीड़ित किसान विगत एक माह से मुआवजा की मांग कर रहे थे हालांकि प्रशासन ने फसल मुआवजा के लिए तत्काल ही क्रॉप कटिंग के माध्यम से क्षतिपूर्ति का आकलन कर लिया था और शासन को सिफारिश भेज दी थी कलेक्टर अर्पित वर्मा के माध्यम से भेजी गई सिफारिश को मध्य प्रदेश सरकार ने जस के तस स्वीकृत करते हुए प्रभावित किसानों के खातों में राशि डाले जाने के लिए प्रशासनिक स्वीकृति भी दे दी थी लेकिन भाजपा नेताओं और प्रशासन के अनुरोध पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने खुद इस राशि को डालने के लिए श्योपुर पहुंचने की स्वीकृति दे दी अब वह 27 नवंबर गुरूवार को बड़ौदा में किसान सभा करेंगे। इस दौरान सीएम डॉ मोहन यादव द्वारा श्योपुर जिले के 428 ग्रामों के 1 लाख 3 हजार 78 किसानों को धान की फसल में हुए नुकसान के लिए 100 करोड 83 लाख रूपये की मुआवजा राशि का वितरण किया जायेगा। जनसभा में सीएम के साथ विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर भी उपस्थित रहेंगे।



### नगरपंचायत ने तैयार किया विकास का मांग पत्र

बड़ौदा मुख्यालय पर पहुंच रहे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को बड़ौदा नगर की समस्याओं से जुड़ा मांग पत्र नगर परिषद बड़ौदा ने की तैयार कर लिया है। परिषद की अध्यक्ष भरोसी बाई सुमन के माध्यम से दिए जाने वाले इस मांग पत्र में जल भराव से निजात पाने के लिए नालों लोगों को डाइवर्ट करने। बड़ौदा में कम्युनिटी हाल निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करने। चंद्र सागर तालाब का सुंदरीकरण करने। खेल मैदान की स्वीकृति प्रदान करने। नगर के सौंदर्य करण कार्यों के लिए 10 करोड़ रूपया मुख्यमंत्री विशेष निधि से प्रदान करने की मांग शामिल है।

### ये लोकार्पण एवं शिलान्यास भी करेंगे सीएम

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा बडौदा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विकास निर्माण कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा। इस अवसर पर जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत 2 करोड़ 75 लाख रूपये की लागत से सेसईपुरा में निर्मित आदिवासी बालक आश्रम का लोकार्पण होगा। इसके साथ ही 14 करोड़ 80 लाख की लागत से श्योपुर में बनने वाले नर्सिंग कॉलेज भवन, 14 करोड 95 लाख की लागत से श्योपुर में बनने वाले 50 बिस्तरीय एकीकृत आयुष चिकित्सालय, 96 लाख की लागत से श्योपुर में बनने वाले बागवानी और खाद प्रसंस्करण ज्ञान प्रसार केन्द्र, ग्राम लहरौनी में 2 करोड 61 लाख, ग्राम बलावनी में 2 करोड 53 लाख एवं डाबीपुरा में 2 करोड 49 लाख की लागत से बनने वाले नवीन 33/11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्रों के निर्माण के लिए शिलान्यास किया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा।

### बड़ौदा को मिलेगी सिविल हॉस्पिटल की सौगात!

बड़ौदा में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से कई सौगातों की घोषणा करवाने की उम्मीद भाजपा नेताओं और प्रशासन को है इसके लिए भाजपा ने मांग पत्र भी तैयार कर लिया है जिसमें स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने के लिए बड़ौदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल अस्पताल में तब्दील करने की मांग प्रमुख है। भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के शुभारंभ के बाद पहली बार श्योपुर पहुंच रहे मुख्यमंत्री का मेडिकल कॉलेज की सौगात के लिए स्वागत तो किया ही जाएगा साथ ही बड़ौदा जैसे कृषि प्रधान क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ौदा को सिविल अस्पताल में तब्दील करने की मांग की जाएगी। साथ ही बड़ौदा में जल भराव की स्थिति से निजात दिलाने के लिए नालों का को डाइवर्ट करने सहित जनकल्याण के लिए मांगों से जुड़ा मांग पत्र सोपा जाएगा साथ ही अनुरोध किया जाएगा कि वह इन मांगों को स्वीकृत करने की घोषणा मंच से करें।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित हुई जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता

## क्विज प्रतियोगिता:सांदीपनि स्कूल की टीम प्रथम तो उत्कृष्ट स्कूल की टीम रही दूसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




शहर के शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में मप्र राज्य जैव विविधता बोर्ड भोपाल एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मप्र राज्य जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता 2025 का आयोजित की गई। इस क्विज प्रतियोगिता में सांदीपनि स्कूल श्योपुर की टीम ने जहां प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं शासकीय उत्कृष्ट स्कूल श्योपुर की टीम ने दूसरा स्थान तो प्रेमसर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

खास बात यह है कि इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हांसिल करने वाली सांदीपनि स्कूल श्योपुर की टीम अब राज्य स्तरीय जैव विविधता प्रतियोगिता में भागीदारी करने के लिए जाएगी। सामान्य वन मंडल श्योपुर के डीएफओ केएस रंधा ने बताया कि मंगलवार को शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के 47 स्कूलों की टीमो ने हिस्सा लिया। क्विज प्रतियोगिता में सांदीपनि स्कूल श्योपुर की टीम ने प्रथम, शासकीय उत्कृष्ट स्कूल श्योपुर की टीम ने दूसरा तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रेमसर की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रथम विजेता बनी सांदीपनि स्कूल श्योपुर की टीम अब 12 दिसंबर को आयोजित राज्य स्तरीय जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता में भागीदारी करते हुए श्योपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सांदीपनि विद्यालय श्योपुर की टीम में विद्यार्थी नैतिक त्रिपाठी, पीयूष शिवहरे, वैशाली पारेता,द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली शासकीय उत्कृष्ट स्कूल श्योपुर की टीम में विद्यार्थी तरुण नामा, प्राची राजौरिया एवं चेतना गुर्जर शामिल रहें। जबकि तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शाउमावि प्रेमसर की टीम में विद्यार्थी गोविंद राठौर, अल्फेज अली एवं विष्णु सुमन शामिल रहे। कार्यक्रम के समापन समारोह में विजेता टीमों को मेडल, प्रमाणपत्र एवं ट्रॉफी भेंट की गई। समापन सत्र में वनमण्डल अधिकारी सामान्य वन मंडल श्योपुर केएस रंधा प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय श्योपुर एसडीओ संजीव सिंह, रेंजर श्योपुर राघवेंद्र सिंह, समन्वय अधिकारी सुशील कुमार दुबे, दिनेश जाटव, मूल्यांकनकर्ता संजीव माहौर, रश्मि शर्मा,स्नेहलता अग्रवाल एवं विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं मार्गदर्शी शिक्षक आदि उपस्थित रहे।

### श्री हजारेश्वर स्कूल में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित

## पढ़ाई में संसाधन व्यवधान न बने इसकी चिंता सरकार ने की: नीरज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



संसाधन का अभाव पढ़ाई में बाधा न बने इसकी चिंता सरकार ने की है और इसी उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने साइकिल वितरण योजना शुरू की है जो बच्चे स्कूलों से सिर्फ 2 किमी दूर भी रहते हैं तो उन्हें स्कूल आने-जाने के लिए सरकार निशुल्क साइकिल उपलब्ध करा रही है। इसके अलावा भी निशुल्क स्कूटी वितरण योजना गांव की बेटी छात्रवृत्ति योजना सहित विभिन्न योजना का लाभ सरकार विद्यार्थियों को दे रही है ताकि बच्चे पड़े और आगे बढ़े। आप सरकार की इन योजनाओं का लाभ लेकर पढ़ाई करें और अपने माता-पिता का सपना पूरा करें। यह बात जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट ने श्री हजारेश्वर हायर सेकेंडरी स्कूल श्योपुर में आयोजित साइकिल वितरण योजना के तहत छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान 27 विद्यार्थियों को साइकिल वितरण की गई।

कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रिंसिपल डॉ पीएस गोयल ने बताया कि सरकारी स्कूलों में कक्षा 6वीं और 9वीं के छात्रों के लिए निःशुल्क सायकल वितरण योजना शुरू की गई हैं, यह योजना उन विद्यार्थियों के लिए है जिन्हें 2 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर स्कूल पहुंचना पड़ता है। इसका उद्देश्य शिक्षा को बढ़ावा देना और स्कूल छोड़ने की दर को कम करना है। कार्यक्रम में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल, भाजपा नेता सत्यनारायण यादव सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

### मकान खाली करने की बात पर महिला को पीटा

**श्योपुर।** शहर के सलापुरा में मकान खाली करने की बात को लेकर एक महिला की नामजद आरोपियों ने एक राय होकर मारपीट कर दी। कोतवाली पुलिस ने बताया कि सलापुरा निवासी शिखा पत्नी विशाल शर्मा ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने सलापुरा स्थित मकान को मोहल्ले में ही रहने वाले सौरभ गुप्ता को बेच दिया था। मकान बेचने के दौरान यह बात भी तय हुई थी कि पूरे रूपए देने के साथही मकान खाली कर दिया जाएगा। लेकिन पिछले दिनों मकान खाली करने की बात पर सौरभ गुप्ता, उसकी पत्नी निकिता गुप्ता, बहन ज्योति गुप्ता ने गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने शिखा शर्मा की रिपोर्ट पर तीनों पर मारपीट का केस दर्ज कर लिया है।


## गर्लफ्रेंड से कुछ कह देने की बात पर बोला चाकूओं से हमला, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के पाली रोड स्थित रसक पट्टी ग्राउंड बुधवार को तब युद्ध का अखाड़ा बनता दिखा, जब यहां गर्लफ्रेंड से कुछ कह देने की बात को लेकर 8-9 युवकों ने एक राय होकर चार युवकों की लातघूसो से मारपीट करते हुए उन पर चाकूओं से भी हमला कर दिया। विवाद के दौरान घायल हुए चारों युवकों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। जिनमें एक घायल को ग्वालियर के लिए रैफर कर दिया गया है।

कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान ने बताया कि इस विवाद में दर्शन पांचाल, संदीप गुर्जर, देवराज तोमर, सौरभ भदौरिया जख्मी हो गए है। इनमें सौरभ को चाकूबाजी के दौरान आई गंभीर चोटों के चलते जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर के लिए रैफर कर दिया गया है। इस मामले में घायल दर्शन पांचाल पुत्र नरोत्तम पांचाल निवासी रेलवे फाटक के पास श्योपुर की रिपोर्ट पर प्रदीप जाट और उसके साथियों अभिषेक सुमन, दीपक जागा, हर्ष जैन, सागर मल्होत्रा, आदर्श जाट तथा तीन अज्ञात युवकों पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

## कांग्रेस प्रवक्ता मुजफ्फर को पितृ शोक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता मोहम्मद मुजफ्फर सिद्दीकी (बबलू) को पितृ शोक हुआ है। उनके पिता राशिद सिद्दीकी का बुधवार की सुबह देहांत हो गया। वह लंबे समय से बीमार होकर बेड रेस्ट पर थे। शाम 6 बजे के करीब उन्हें बड़ौदा के कब्रिस्तान में बाद नमाज सुपुर्द ए ख़ाक किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में बड़ोदावासी शामिल हुए।

## संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित हुए कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बुधवार को संविधान दिवस के अवसर में अवसर पर जिले भर में कार्यक्रम आयोजित किए गए इस दौरान सरकारी दफ्तरों में संविधान की शपथ ली गई वहीं कांग्रेस और भाजपा दलों ने संविधान दिवस पर संगोष्ठी आयोजित की।

'संविधान दिवस' की 76वीं वर्षगाँठ पर जिला कांग्रेस कमेटी ने अंबेडकर पार्क पहुंचकर डॉ भीमराव अंबेडकर (बाबा साहब) की प्रतिमा पर फूल माला और पुष्प अर्पण कर उन्हे नमन किया साथ ही संविधान के संरक्षण के लिए शपथ ली। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी ने कहा कि हमारा संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज़ नहीं, बल्कि सर्वोच्च मानवीय मूल्यों, उत्कृष्ट लोकतांत्रिक आदर्शों और कर्तव्यों व अधिकारों की पावन अभिव्यक्ति है, जो बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के माध्यम से हमारे देश को मिला है।

### सरस्वती शिशु मंदिर कराहल में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित

## बेटियों को सही मार्गदर्शन देने में मां की अहम भूमिका:यास्मीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




बेटियों को सही मार्गदर्शन देने में मां की अहम भूमिका होती है। इसलिए माताएं अपनी बेटियों को ऐसे संस्कार प्रदान करें ताकि बेटियां परिवार को एक जुट बनाएं रखें। इसके साथही माताएं बेटियो का पालन भी अपने बेटो की तरह करें, क्योंकि अब बेटिया भी बेटो से कम नहीं है।

यह बात बुधवार को कराहल स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम में मुख्य वक्ता की आसंदी से बोलते हुए कराहल थाना प्रभारी यास्मीन खान ने कही। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में मंचासीन कूनो वन मंडल की रेंज आफिसर प्रेरणा दुबे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय समाज में महिलाओं को देवी का दर्जा प्राप्त है। एक परिवार को चलाने में जितना संघर्ष पुरूष करते है,उतना ही संघर्ष महिलाएं भी करती हैं।इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित किए जाने के साथ हुई। कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में शासकीय शिक्षिका शोभा सोनी, विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेविका नीता गौतम, सप्त शक्ति संगम जिला संयोजिका हेमलता बाजपेयी, विद्यालय की सप्त शक्ति संगम संयोजिका कृष्णा शर्मा मंचासीन थी। मंचासीन अतिथियों का परिचय दीदी खुशबू प्रजापति ने किया। जबकि स्वागत बहिन यश्वी शर्मा, रितु राठौर, लक्ष्मी गुर्जर द्वारा किया गया। अंत में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विजेता मातृशक्ति को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन दीदी पूजा गोस्वामी तथा आभार प्रदर्शन अंजली शर्मा दीदी ने किया।

### शहर के शिवपुरी रोड पर नेशनल हाइवे 552 के बायपास पर हुआ हादसा

# बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार दो लोगों को रौंदा एक की मौके पर ही कुचलकर मौत,दूसरा घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के शिवपुरी रोड पर बना नेशनल हाइवे 552 के बायपास पर बुधवार को सुबह करीब साढ़े दस बजे एक बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार दो लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही कुचलकर मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल श्योपुर में भर्ती कराया गया। हादसे को घटित करने के बाद ट्रक चालक ट्रक को भगा ले गया, जिसकारण फिलहाल टक्कर मारने वाले ट्रक और उसके चालक का पता नहीं चल सका है। बाइक सवार दोनों युवक गोरस के लिए जा रहे थे। कोतवाली थाना पुलिस ने इस मामले में ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर चालक और ट्रक दोनों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं जिला अस्पताल में मृतक के शव का पीएम कराकर परिजनो के सुपुर्द कर दिया है।

कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम ग्वाडी निवासी हरिमोहन बैरवा 44 वर्ष तथा बनवारी धाकड 42 वर्ष यहां श्योपुर में गुटखा व्यापारी के यहां सेल्समेनी का काम करते है। बुधवार की सुबह यह दोनो वसूली के लिए बाइक पर सवार होकर गोरस की तरफ जा रहे थे। बाइक को बनवारी धाकड़ चला रहा था, जबकि हरिमोहन पीछे बैठा था, जैसे ही इनकी बाइक शिवपुरी रोड स्थित नेशनल हाइवे 552 बायपास पर चढ़ी, वैसे ही सवाईमाधोपुर की तरफ से आ रहे एक बेकाबू ट्रक ने इनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक चला रहा बनवारी धाकड़ बाइक के आगे गिरकर घायल हो गया। जबकि पीछे बैठा हरिमोन बैरवा उस तरह गिर गया,जिस तरफ से ट्रक का पहिया निकला,ऐसे में हरिमोहन की ट्रक के पहिए के नीचे आने से कुचलकर मौके पर मौत हो गई। डायल 112 के जरिए घायल को घटना स्थल से उठाकर जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। इस हादसे की सूचना मिलने पर घटना स्थल पर कोतवाली थाना पुलिस के अलावा तहसीलदार श्योपुर मनीषा मिश्रा भी पहुंची।




### तीनों बच्चों के सिर से उठा पिता का साया, अब कैसे चलेगी परिवार की गाड़ी

इस दर्दनाक सड़क हादसे के दौरान अपनी जान गंवाने वाले ग्राम ग्वाडी निवासी हरिमोहन बैरवा की मौत से पूरे गांव में मातम पसर गया है। वहीं पत्नी जहां विधवा हो गई है, वहीं उसके तीनों नाबालिग बच्चों एक लड़का और लड़की के सिर से पिता का साया उठ गया है। इस हादसे की खबर जैसे ही ग्वाडी गांव में पहुंची, तो गांव के लोगों ने दुखी मन से यही बात कही कि हे भगवान अब हरिमोहन के परिवार का भरण पोषण कैसा होगा। क्योंकि गरीबी के बीच जीवन यापन कर रहे हरिमोहन के परिवार का इकलौता कमाने वाला सिर्फ हरिमोहन की था।

### एक्सीडेंट का नया प्वाइंट बना शिवपुरी रोड बायपास का अंधा मोड

बुधवार की सुबह यह दर्दनाक हादसा शिवपुरी रोड पर नेशनल हाइवे 552 के बायपास का अंधा मोड अब एक नया एक्सीटेंड प्वाइंट बनता जा रहा है। यहां से गुजरने वाले लोग बता रहे है कि अब हाइवे अच्छा बन गया है,इसलिए इस हाइवे पर वाहन तेज रफ्तार चलते है। ऐसे में शिवपुरी रोड पर मौजूद बायपास के पास बने अंधे मोड पर आए दिन हादसे घटित हो रहे है। इस हादसे के पहले भी यहां कई हादसे घटित हो चुके है। ऐसे में पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों को इस दिशा में ध्यान देकर इस दिशा में जल्द जरूरी कदम उठाए जाने की जरूरत है,ताकि यह बासपास का अंधा मोड आगे कोई भयानक एक्सीडेंट प्वाइंट के रूप में प्रसिद्ध हो जाए।

### इनका कहना...

एक्सीडेंट का मामला दर्ज करते हुए हादसे के बाद मौके से भागे ट्रक और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही ट्रक को जब्त करते हुए उसके चालक को भी नामजद करते हुए गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**सतीश सिंह चौहान**
**टीआई कोतवाली श्योपुर**

## चंबल नहर में गिरे युवक का चौथे दिन नागदा गांव के पास मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

चंबल दाहिनी मुख्य नहर में गत 22 नवंबर को एक अनियंत्रित होकर एक ट्रैक्टर गिर गया। इसके साथही ट्रैक्टर में सवार दो युवक भी नहर में गिर गए। हालांकि एक युवक धनराज आदिवासी तो घटना के कुछ समय बाद ही तैरकर चंबल नहर से बाहर निकल आया,लेकिन दूसरा युवक बादल पुत्र किशनलाल आदिवासी निवासी जैदा लापता हो गया। घटना के बाद से ही पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम के साथ बादल की तलाश शुरू कर दी।

इस मामले में हो रही देरी को लेकर परिवार के लोग मंगलवार को कलेक्ट्रेट के सामने जाम लगा चुके है। जिसके बाद पुलिस ने बादल की तलाश के लिए एक साथ दो नाव चंबल नहर में तलाशी के लिए उतार दी। देहात थाना प्रभारी शशि तोमर ने बताया कि चंबल नहर में बहे बादल पुत्र किशनलाल आदिवासी का शव बुधवार को नागदा गांव की पुलिया के पास नहर में तैरता हुआ मिल गया। जिसे नहर से निकालने के बाद पीएम उपरांत परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## खबर संक्षेप

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के महिला थाने के अंतर्गत ग्राम कोहरवास निवासी रानी यादव रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से शीलकुमार यादव, सावित्री वाई, सोनम यादव ने दहेज की मांग पर से उससे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। पुलिस ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है।

### कुएं में गिरने से महिला की मौत, मर्ग कायम

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम भुगावली निवासी शांतिबाई पत्नी मुसाब सिंह यादव उम्र 60 साल कुए पर पानी भरने गई थी कि उसी वक्त अचानक कुए में गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### मारपीट की घटनाओं के कई प्रकरण किए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सावन निवासी रहीस बेग ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संजीव, वरूण, और तरूण रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रसूलपुर गरेंठा निवासी यशराज सिंह रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दीपक, अंकित और रामू रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मातामढ़ मोहल्ला निवासी रामकुमार ओझा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जण्डेल सिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### रांवसर में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया

**अशोकनगर।** मुस्कान अभियान के अंतर्गत मंगलवार को रांवसर के हायर सेकेण्ड्री स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर देहात थाने से राकेश सिंह, देवेन्द्र शर्मा, और मेघा बुन्देला ने प्राचार्य जगदीश शर्मा के मार्ग दर्शन में छात्र छात्राओं को जागरूक किया । इस मौके पर गांव में रैली निकाली गई और ग्रामवासियों को भी जागरूक रहने का संदेश दिया गया। इस मौके पर गांव के गणमान्य नागरिकों में सरपंच रंजीत सिंह, जनपद सदस्य, सचिव और विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस, विद्यार्थियों को बताए कानून और नियम

# हमको अपने जीवन में अधिकारों की अपेक्षा कर्तव्यों को अधिक महत्व देना चाहिए: डॉ. उमा लवानिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना




शासकीय कन्या महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मूल विषय भारतीय संविधान में निहित मौलिक अधिकार पर व्याख्यान माला आयोजित की गई एवं हरीसिंह गौर जयंती के अवसर पर गौर जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर चंदा रत्नाकर ने कहा कि संविधान में निहित मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों में संतुलन बनाकर हमें चलना चाहिए। शिक्षा के अधिकार के संबंध में कहा कि शिक्षा एक बहुत बड़ी हमारी ताकत होती है, हमारी संपत्ति होती है, हमारा आत्मविश्वास होती है इसलिए हमें शिक्षा को सर्वोपरि रखना चाहिए।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ उमा लवानिया ने कहा कि हमें अपने जीवन में अधिकारों की तुलना में कर्तव्यों को महत्व देना चाहिए। क्योंकि यदि हम अपने कर्तव्यों का भली भांति पालन करेंगे तो अधिकार स्वतः मिलेंगे ही कर्तव्य हमें अनुशासन प्रिय, धैर्यशाली, गंभीर एवं सरल व्यक्तित्व का धनी बनाते हैं। इसलिए हम सदैव अपने कर्तव्यों पर चलें। डॉक्टर रश्मि जैन ने कहा कि संविधान का निर्माण अत्यंत सोच विचार विमर्श करके किया गया है क्योंकि संविधान हमें जीना सिखाता है,अच्छा नागरिक बनाता है, अनुशासन में रहना सिखाता है एवं जियो और जीने दो की भावना से प्रेरित करता है। मुख्य वक्ता डॉक्टर निशि भदोरिया ने संविधान में निहित मौलिक अधिकार समानता, स्वतंत्रता, शोषण के विरुद्ध, धार्मिक स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति, शिक्षा सांस्कृतिक एवं धार्मिक अधिकार की बात कहते हुए कहा कि इंसान को कर्तव्यों की तुलना में अधिकारों से अधिक लगाव लगाव होता है लेकिन हमें अपने कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए।

डॉक्टर हरिशंकर सेन ने कहा कि मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य हमारे संविधान की आत्मा है इसलिए हमें अधिकारों को छोड़कर कर्तव्यों की ओर अधिक ध्यान देना चाहिए। नवीन नामदेव ने हमारे धर्म में वर्णित 16 संस्कारों के माध्यम से संविधान के मौलिक अधिकारों को समझाया एवं कहा कि प्रत्येक संस्कार हमें अधिकार एवं कर्तव्य दोनों में समन्वय बनाकर चलने की प्रेरणा देता है। इसमें प्रकाश चंद, डॉ. मृणालिनी मिश्रा, डॉ. रश्मि द्विवेदी, यशवंत शर्मा, राजीव लोधी, नीता नामदेव, मनीता राजपूत, राजीव लोधी, अरुण उपाध्याय, कीर्ति ठाकुर, अमरजीत सिंह मठारू, निलेश शर्मा, रामबाबू रैकवार, मनीष, विकास, जितेंद्र, रंजना सहित महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### संविधान दिवस पर लोगों ने संविधान की रक्षा करने की ली शपथ



**बीना।** अहिरवार समाज संघ भारत शाखा के द्वारा बुधवार को अंबेडकर तिराहे प्रांगण में 76 वां संविधान दिवस मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम भारतीय संविधान पुस्तक का पूजन, बुद्ध वंदना पंचशील एवं संविधान उद्देशिका वाचन प्रदेश अध्यक्ष एमएल वर्मा ने किया। तत्पश्चात भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। संविधान दिवस पर सभी लोगों ने संविधान रक्षा की शपथ ली एवं सभी ने अपने-अपने विचार रखे। इसके साथ ही समता समानता, बंधुता, मानवता, न्याय एवं भाईचारा स्थापित करने एवं आर्थिक सामाजिक बराबरी आदि की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन संभागीय उपाध्यक्ष दशरथ कुमार अहिरवार ने किया। कार्यक्रम में संघ के सदस्य संभागीय सचिव आरपी रोहित, जिला उपाध्यक्ष युवा वीरेंद्र राजोरिया, पीएन अहिरवार, ब्लॉक अध्यक्ष सुखलाल अहिरवार, दयाराम मेशन, हेमराज अहिरवार,आरके राज, रामसेवक अहिरवार,एडवोकेट महेंद्र नवैया, नरेश बौद्ध आदि लोग उपस्थित रहे।

### संविधान दिवस के अवसर पर न्यायालय परिसर करैरा में हुआ प्रस्तावना का वाचन



**करैरा।** न्यायालय परिसर करैरा में माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश राजेंद्र प्रसाद सोनी के मार्गदर्शन में आज बुधबार 26 नवंबर 2025 को प्रातः 11:00 बजे संविधान दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक रूप से वाचन किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश दिनेश कुमार खटीक,मोनिका अध्या,आकांक्षा यादव,भूपेंद्र यादव, भूपेंद्र सिंह,काजल रेनीवाल एवं नायब नाजिर पवन राजपूत,समस्त न्यायालयीन स्टॉफ,कर्मचारी सहित अधिवक्तागण उपस्थित थे।

### करैरा के शासकीय माध्यमिक विद्यालय खैराघाट में संविधान दिवस आयोजित



**करैरा।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय खैराघाट में आज संविधान दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया।

विद्यालय के शिक्षक एवं प्रभारी बीएसी महेश कुमार लोधी ने अपने उद्बोधन में कहा कि संविधान दिवस हमें देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को समझने और उन्हें जीवन में लागू करने की प्रेरणा देता है। प्रधानाध्यापक रामचरण लाल गौतम ने भी बच्चों को भारतीय संविधान की विशेषताओं, लोकतंत्र की मजबूती में इसकी भूमिका तथा नागरिकों के मूल कर्तव्यों के बारे में प्रेरक जानकारी दी। बच्चों को सरपंच अनीता प्रजापति एवं उप सरपंच महेंद्र यादव ने भी संबोधित किया ।कार्यक्रम के अंत में संविधान व लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षिका आरती गुप्ता, सरपंच प्रतिनिधि धनीराम प्रजापति,सचिव प्रमोद श्रीवास्तव, मिस्टर खान सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## आईएएस वर्मा के बयान से आक्रोश, ब्राह्मण समाज ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के विरोध में बुधवार को ब्राह्मण समाज में आक्रोश देखने को मिला।

बुधवार को ब्राह्मण समाज तथा विश्व हिंदू परिषद ने संयुक्त रूप से विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि एक उच्च पदस्थ अधिकारी द्वारा मंच से इस प्रकार की अभद्र और जातिगत टिप्पणी न केवल ब्राह्मण समाज बल्कि पूरे सर्वसमाज का अपमान है। प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम विजय डेहरिया को ज्ञापन सौंपते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की। साथ ही प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो समाज स्तर पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। इनमें सुनील सिरोठिया, आशीष चौबे, विवेक मिश्रा, दिनेश पाठक, जगदीश पाराशर, सतीश तिवारी, ईश्वर दुबे, बीपी नायक, हरि दुबे, शशि मोहन तिवारी, प्रभात व्यास, मुरारी गोस्वामी, विनय चतुर्वेदी सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## विधायक निर्मला सप्रे ने खिमलासा में छात्राओं को वितरित की साइकिल

बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और स्वावलंबन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

**बीना।** पीएमश्री शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खिमलासा में आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक निर्मला सप्रे ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर छात्राओं को साइकिल वितरित की।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य बेटियों को शिक्षा के हर स्तर पर सक्षम बनाना है। उन्होंने कहा हर बेटी पढ़े, आगे बढ़े और आत्मनिर्भर बने यही हमारी सरकार का लक्ष्य है। साइकिल योजना न केवल सुविधा देती है, बल्कि छात्राओं को सुरक्षित और आत्मविश्वासी बनाती है। विधायक ने कहा ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों में विद्यालय दूरी के कारण कई बच्चियाँ नियमित अध्ययन नहीं कर पातीं, लेकिन साइकिल सुविधा से उनकी उपस्थिति और प्रगति दोनों में सुधार होता है। यह कदम बेटियों को उच्च शिक्षा की ओर प्रेरित करेगा।

छात्राओं ने कहा कि साइकिल मिलने से उनके रोज़मर्रा के स्कूल आने-जाने में आसानी और समय की बचत होगी। कार्यक्रम में वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण, विद्यालय परिवार एवं गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल के 6 वार्डों में मनोरंजन के लिए 6 टीवी लगाए जाएंगे: कलेक्टर

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने मंगलवार को अशोकनगर जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। मरीजों से चर्चा की, ठण्ड के मौसम के किस तरह के इंतजाम हैं इसका जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने निर्देश दिए कि जिला अस्पताल के 6 वार्डों में मनोरंजन के लिए 6 टीवी लगाए जाएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ कर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले यह सुनिश्चित किया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर सिंह द्वारा सिविल सर्जन भूपेन्द्र शेखावत को दिए गए। उन्होंने ओपीडी, एनआरसी, महिला/पुरूष वार्ड सहित विभिन्न वार्डों में पहुंचकर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मरीजों से उनके स्वास्थ्य के बारे मे जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि ठंड को दृष्टिगत रखते हुए सभी वार्डों में आवश्यक व्यवस्थाएं वार्डों की




खिड़कियों को दुरुस्त कराए जाने के निर्देश दिए। साथ ही मरीजों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहे। भ्रमण के दौरान कलेक्टर आदित्य सिंह ने एसआईआर मे काम कर रहे मुंगावली तहसील के पटवारी के साथ गत दिवस घटित घटना में घायल होने पर जिला चिकित्सालय मे चल रहें उपचार के संबंध में जानकारी ली।

## 'भलाई करने वाला कभी हारेगा नहीं'

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि श्री सुधसागर जी महाराज ने थूवोनजी में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भलाई करने वाला कभी हारेगा हम से कुछ नहीं बनता तो कोई बात नहीं लेकिन हम किसी की बुराई नहीं करेंगे बुराई करने वाले को बुराई करने दो हमें बुराई नहीं करना। हमें किसी के अंदर की बुराईयों को नहीं कुरेदना आप लोगों की आदत होती है किसी के अंदर कोई दोष दिख जाए तो आप कुरेद कुरेद कर उसकी गहराई में जाना चाहते हैं।




उन्होनें कहा कि मान लो किसी की कोई कमी का पता लगा भी लिया तो तुम्हारे लिए क्या हासिल होगा कुछ भी नहीं मिलने वाला तुम्हारा अपना समय बहुत मूल्यवान है वे भी व्यर्थ चला जायेगा। यह जो समय चला गया फिर कभी वापिस आने वाला नहीं है इसलिए कहा गया है अपना लौटा छानो और आनंद से रहो। बहुत छोटी सी जिंदगी मिली है इसका सदुपयोग करें। इसको भलाई बुराई से ऊपर उठकर कुछ अच्छा करने में लगा दो।

**शगुन अच्छा करो तो जिंदगी भी अच्छी होगी** उन्होंने कहा कि आप पर अपने जीवन की जिम्मेदारी है जिस दिन आपको घर ग्रहस्थी में प्रवेश कर रहे हैं। विवाह साधु दीक्षा से भी ख़तरनाक है। उसके लिए भी आप शगुन नहीं कर पा रहे हैं। दो अंजान व्यक्ति घर वसाने जा रहे हैं जब आप अपने जीवन को एक नये रूप में विवाह कर अपनी ग्रहस्थी बसाने जा रहे हैं तो अच्छा शगुन करना चाहिए। इसके लिए हमने चक्रवर्ती विवाह को प्रोत्साहित किया है। आज कुछ लोगो ने मार्ग अपनाया। इस शगुन को आप अपने बच्चो को दें। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ राजेश के सी ने परम पूज्य के चरणों में श्री फल भेंट किए।

### सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया

**अशोकनगर।** अयोध्या में राम उत्सव के पावन अवसर पर स्थानीय गांधी पार्क चैराहे पर सामूहिक सुंदरकांड पाठ गायन का आयोजन श्री रामचरितमानस प्रेमी भक्तगण अशोकनगर द्वारा किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। जिन्होंने सामूहिक रूप से सुंदरकांड पाठ का गायन किया। कार्यक्रम के समापन पर भगवान की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम के सूत्रधार जयकुमार दुबे थे। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक संजय नागर, दिलीप रघुवंशी दीपक मिश्रा वेदराम लोधी गिर्राज उपाध्याय महेश त्यागी हरिशंकर भार्गव आदि रहे मौजूद।

## 267 आवेदक जनसुनवाई में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे



**अशोकनगर।** प्रति मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई के कार्यक्रम के अंतग्रत 267 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जिन्हे कलेक्टर द्वारा समक्ष में सुना गया और निराकरण के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में ग्राम विजयपुरा निवासी सतेन्द्र यादव द्वारा छूटे हुए खसरा दर्ज कराए जाने, ग्राम भरका निवासी प्रियंका अहिरवार द्वारा प्रसूति सहायता राशि दिलाए जाने,ग्राम बडेरा निवासी गोरेलाल कुशवाह द्वारा पट्टा दिलाए जाने ,ग्राम बीलाखेड़ी निवासी मुन्नीबाई द्वारा सीमांकन कराए जाने,ग्राम बमूरिया निवासी लक्ष्मीबाई द्वारा पीएम आवास दिलाए जाने,ग्राम बिजौरी निवासी मदनसिंह द्वारा पटवारी द्वारा नामांतरण कराए जाने,ग्राम तरावली निवासी मुन्नीबाई द्वारा फौती नामांतरण कराए जाने, ग्राम सोवत निवासी सुनीता द्वारा भूमि पर कब्जा हटवाए जाने एवं सीमांकन कराए जाने, ग्राम सियार निवासी किशनबाई द्वारा राशन सामग्री दिलाए जाने, ग्राम बडेरा निवासी नथनसिंह द्वारा पट्टा दिलाए जाने के आवेदन दिए गए।

## तहसीलदार की समझाइश के बाद शुरू की गई नीलामी, मक्का की बंपर आवक

# एक व्यापारी ने हाथ खींचे तो ठप हुई मंडी में डाक बोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले के बहादुरपुर कस्बे में करीबन पांच वर्ष पूर्व स्थापित हुई कृषि उप मंडी में इन दिनों मक्का की आवक जमकर हो रही है। प्रतिदिन पांच सौ ट्रॉली मक्का मंडी में पहुंच रही है। जिसकी डाक बोली मंगलवार को उस समय ठप्प पड़ गई जब गल्ला व्यापारी फर्म जितेंद्र कुमार शरद कुमार द्वारा डाक बोली से हाथ खींच लिए गए।



इसके बाद जो व्यापारी डाक बोली में पहुंचे उन्होंने मक्का के भाव बेहद कम लगाए, जिससे किसान आक्रोशित हो गए और हंगामा कर दिया। सूचना मिलने पर तहसीलदार साहिर खान एवं थाना प्रभारी अरविंद कुशवाह मौके पर पहुंचे। उन्होंने सभी व्यापारियों को बुलाकर मंडी प्रशासन के प्रतिनिधि के समक्ष समझाइश दी कि डाक बोली में सभी व्यापारी हिस्सा लें। करीब दो घंटे तक चली वार्ता के दौर के बाद उक्त फर्म डाक बोली में शामिल हुई, जिसने पांच सौ में चार सौ ट्रॉली मक्का के सबसे ऊंचे भाव दिए। बताया गया है कि मंडी में होने को तो दस फर्म पंजीकृत हैं लेकिन दो तीन व्यापारियों को छोड़कर कोई भी व्यापारी उपज के माकूल भाव नहीं देता। कई व्यापारी तो डाक बोली में शामिल तक नहीं होते।

मंडी में अच्छे भाव मिलने से किसान अवैध व्यापारियों को उपज नहीं बेच रहे हैं। ऐसे में पिछले आठ सीजनों में मंडी की आवक का 80 फीसदी उपज खरीदने वाली फर्म जितेंद्र कुमार शरद कुमार की कुछ व्यापारियों ने झूठी शिकायत प्रशासन से कर दी। जब मंडी प्रशासन ने उक्त फर्म को नोटिस निकाला तो व्यापारी डाक बोली में शामिल नहीं हुआ और मंडी ठप्प हो गई थी।

### मंडी में अव्यवस्था फैला रहे असामाजिक तत्व

उप मंडी में डाक बोली कराने वाले मंडी कर्मचारी सुरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्व हैं जो मंडी में अव्यवस्था फैला रहे हैं। यह तत्व कभी किसानों को बरगला कर तो कभी प्रशासन के समक्ष झूठी शिकायतें कर डाक बोली को प्रभावित कर रहे हैं। जबकि यह उप मंडी जिले की कई मंडियों से अधिक राजस्व प्रदान कर रही है।

### बंद हुई अवैध खरीदी तो तिलमिलाए व्यापारी

बता दें कि जब उप मंडी चालू नहीं थी तो कस्बे में करीब एक दर्जन से अधिक अवैध गल्ला व्यापारी सक्रिय थे। जो किसानों की उपज को औने पौने भाव खरीद कर मंडी को राजस्व का चूना लगाते थे। मंडी चालू होने के बाद इनका व्यापार ठप्प हो गया।

फिर जब प्रशासन ने नकेल कसी तो यह अवैध व्यापारी लाइसेंस बनवाकर डाक बोली में भाग लेने लगे लेकिन उपज का बेहतर भाव नहीं दे पाने से इनका कारोबार ठप्प ही रहा। अब अवैध खरीदी बंद होने से ऐसे व्यापारी तिलमिलाए हुए हैं और मंडी ठप्प कराना चाहते हैं।

### इनका कहना है

हम आज दो घंटे मंडी में रुककर सारी चीजें समझ कर आए हैं। एक दो व्यापारी ही उपज का सही भाव दे रहे हैं। मंडी में फड़ नहीं होने से थोड़ी समस्या आ रही है। अव्यवस्था फैलाने वालों को प्रशासन द्वारा चिन्हित किया जा रहा है।

**साहिर खान,**
तहसीलदार बहादुरपुर